<u>समाचार</u>

<u>स्वच्छ भारत मिशन</u>

<u>सातवें चरण का स्वच्छता पखवाड़ा</u>

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटाईनार में किया गया सफाई कार्य

(निगम के अधिकारियों एवं नागरिकों ने दी सहभागिता)



कोरबा 27 फरवरी 2016 –सातवें चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटाईनार कोरबा में विशेष रूप से स्वच्छता कार्यो का संपादन कराया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारियों व क्षेत्र के नागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता देते हुए साफ–सफाई कार्यो का विशेष रूप से संपादन कराया।

भारत शासन के दिशा निर्देशों के तहत '' स्वच्छ भारत मिशन '' के अंतर्गत पृथक–पृथक विषयों पर केन्द्रित स्वच्छता पखवाड़ों का आयोजन किया जा रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि सम्पूर्ण प्रदेश के साथ–साथ कोरबा जिले के नगरीय निकायों में भी कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में इन स्वच्छता पखवाड़ों का आयोजन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन व निगम आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में छः चरण के स्वच्छता पखवाड़ों के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात सातवे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। '' चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य केन्द्र संस्थान '' की थीम पर संचालित किए जा रहे इस पखवाड़े के तहत आज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटाईनार कोरबा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग व निगम के अधिकारियों एवं नागरिकों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कटाईनार कोरबा में विशेष रूप से साफ–सफाई का कार्य संपादित कराया। डॉ. आशा, विनोद दास महंत, निगम के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, अन्जुम तिर्की, रंजना जोशी, रामरत्न सिंह तंवर, रामशीला कंवर, रामेश्वरी कंवर आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी हास्पिटल स्टाफ एवं आमनागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया, इस मौके पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी अधिकारियों द्वारा किया गया।

**<u>29 फरवरी को एन.टी.पी.सी. चिकित्सालय कोरबा में होगा कार्य</u>**–सातवे चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत 29 फरवरी को एन.टी.पी.सी. चिकित्सालय कोरबा में विशेष साफ–सफाई कार्य किया जाएगा। निगम द्वारा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता दें।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)